# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## <u>प्रेस नोट</u>

**दिनांक-20.09.2023**

### थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा चोरी के मुकदमे से संबंधित बाल अपचारी को पुलिस हिरासत मे लिया गया, कब्जे से चोरी गया माल व 3000/- नगद बरामद ।

---

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-232/2023 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना लोहता से सम्बन्धित वांछित बाल अपचारी, उम्र करीब 17 वर्ष को आज दिनांक-20.09.2023 को समय करीब 09.55 बजे सरदार पेट्रोल पम्प चुरामनपुर के सामने थाना लोहता से हिरासत पुलिस मे लिया गया। बाल अपचारी के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी का माल 01 जोड़ी पायल सफेद धातु, 01 अदद लाकेट पीली धातु का ओम लिखा हुआ और काली गुरिया की माला मे लगा हुआ व 3000/- रू0 नगद बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>घटना का विवरण-</u>** दिनांक-17.09.2023 को वादी मुकदमा श्री आशुतोष कुमार पाण्डेय पुत्र श्री रवींद्र कुमार पाण्डेय निवासी नई बस्ती लोहता, थाना लोहता कमि0 वाराणसी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक 17.09.23 को जब वे अपने गाँव से घर वापस लौट कर आये तो देखा कि अंदर कमरे का ताला तोड़कर अलमारी मे रखे जेवर (मंगलसूत्र, 4 पीस लेडीज अंगूठी, 2 पीस जेन्ट्स अंगूठी, 01 बच्चे का चेन, एक माथ बेदी, 01 नथिया, 01 कान की बाली आदि) को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है, जिसके संबंध मे प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लोहता मे मु0अ0सं0-232/2023 धारा 457/380 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 जमुना प्रसाद तिवारी द्वारा संपादित की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त/बाल अपचारी का विवरण-</u>** बाल अपचारी, उम्र करीब 17 वर्ष।

**<u>विवरण पूछताछ-</u>** बाल अपचारी ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-06.09.2023 की रात मे मै और मेरा दोस्त विपिन कुमार गुप्ता उर्फ भोनू के साथ मिलकर आशुतोष कुमार पाण्डेय के घर मे घुस कर घर पर जब कोई नही था और सब लोग बाहर थे तब हम लोगो ने चोरी किया था, जिसमे से एक जोड़ी पायल चाँदी का तथा एक लाकेट सोने का तथा 4000/- रु0 मुझे मिला था जिसमे से 1000/- रुपया खर्च हो गया है और बाकी पूरा सामान विपिन के पास है। आज मै यह चोरी का सामान बेंचने की फिराक मे था इसलिए आप लोगो को देखकर भाग रहा थे कि आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

चोरी का माल-एक जोड़ी पायल सफेद धातु की,एक अदद लाकेट पीली धातु का ओम लिखा हुआ और काली गुरिया की माला मे लगा हुआ व 3000/- रू0 नगद बरामद ।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1-उ0नि0 जमुना प्रसाद तिवारी थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2-उ0नि0 अभिषेक त्रिपाठी थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3-हे0का0 सत्यप्रकाश सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4-हे0का0 आनन्द सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5-का0 अजीत कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**